नवभारत
भोपाल, बुधवार 13 मई 2026

# कचरा कलेक्शन निजी एजेंसी को सौंपने पर उठाए सवाल

**पूर्व पार्षद ने अपनी की पार्टी की परिषद को घेरा**

**इटारसी,12 मई. नगर पालिका द्वारा कचरा कलेक्शन का कार्य निजी एजेंसी को सौंपने और संपत्ति कर में भारी बढ़ोतरी को लेकर पूर्व पार्षद एवं सभापति यज्ञदत्त गौर ने सोशल मीडिया पर अपनी ही पार्टी की परिषद और अधिकारियों पर कड़े सवाल दागे हैं. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति स्पष्ट नहीं हुई, तो लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू जैसी संस्थाओं का दरवाजा खटखटाया जाएगा.**

गौर ने आरोप लगाया कि कचरा शुल्क को लेकर दो अलग-अलग खबरें नागरिकों को भ्रमित कर रही हैं. यह कहा गया कि निजी एजेंसी प्रति माह 125 रुपये (1500 वार्षिक) वसूलेगी, जिसका भुगतान न करने पर अधिभार लगेगा. यह भी कहा जा रहा है कि: नागरिक केवल 600 रुपये वार्षिक ही देंगे और शेष राशि नपा देगी. उन्होंने कहा कि क्या परिषद ने शुल्क में सीधे ढाई गुना वृद्धि की स्वीकृति दी है? 'संपत्ति' की परिभाषा क्या है और जब नपा के पास पहले से डेटा है, तो निजी एजेंसी 'मैपिंग' के नाम पर नया सर्वे क्यों कर रही है? उन्होंने

संपत्ति कर समय पर न भरने पर उसे दोगुना करने के नियम को नागरिकों के साथ 'अन्याय' बताया है. उन्होंने कहा कि इस नियम को आगामी वित्तीय वर्ष (2027-28) से प्रभावी किया जाए. पुराने बकाया पर दोगुना कर वसूलना गलत है क्योंकि नागरिकों को इसकी पूर्व जानकारी नहीं थी.

पूर्व सभापति ने जमीनी हकीकत पर सवाल उठाते हुए कहा कि ठेका होने के बाद भी वही पुरानी गाड़िया और वही धीमी रफ्तार है.ठेकेदार के पास न तो वाहन हैं और न ही पर्याप्त स्टाफ. उन्होंने मांग की है कि जब तक एजेंसी आधारभूत तैयारियां पूरी न कर ले और अनुबंध की शर्तें पार्षदों व जनता को न बता दी जाएं, तब तक इस व्यवस्था को स्थगित रखा जाए.

**इनका कहना है**

कचरा संग्रहण शुल्क प्रत्येक आवासीय मकान से 50 रुपए लिया जाएगा. शेष राशि एजेंसी को नगर पालिका प्रदान करेगी. एजेंसी द्वारा उन वार्डों की गाड़ियों में सभी प्रकार का मेंटेनेंस एवं कर्मचारियों का वेतन साथ ही आईईसी गतिविधि की जाएगी. यह पायलट प्रोजेक्ट है जो वार्ड क्रमांक 32 31 11 12 13 14 15 17 एवं वार्ड क्रमांक 30 के आशिक क्षेत्र में किया जा रहा है .अभी एजेंसी ने एक हफ्ते से काम प्रारंभ किया है 4 सप्ताह के बाद उनके कार्यों की समीक्षा की जाएगी एजेंसी के माध्यम से कचरा कलेक्शन करने का उद्देश्य स्वच्छता को बेहतर बनाना एवं नागरिकों को अच्छी सुविधा प्रदान करना है. परिणाम अनुकूल नहीं होने पर एजेंसी से अनुबंध समाप्त भी किया जा सकता है.

**पंकज चौरे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इटारसी**

# वस्तु स्थिति स्पष्ट करे नगरपालिका : कांग्रेस

**इटारसी,12 मई.** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने कहा कि नगरपालिका द्वारा इटारसी नगर के एक बड़े हिस्से का कचरा कलेक्शन कार्य निजी संस्था को दिए जाने की खबर के साथ ही नागरिकों में भ्रम और असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है .अलग-अलग समाचार पत्रों में शुल्क वसूली को लेकर अलग-अलग जानकारी प्रकाशित हुई है. एक ओर यह कहा जा रहा है कि 125 रुपये प्रति माह प्रति संपत्ति सीधे नागरिकों से वसूले जाएंगे और समय पर भुगतान न करने पर अधिभार भी लगाया जाएगा, वहीं दूसरी ओर यह जानकारी सामने आ रही है कि यह राशि नगर

पालिका द्वारा ठेकेदार को दी जाएगी और नागरिकों पर कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा. ऐसे में नगरवासियों को स्पष्ट जानकारी देना नगरपालिका और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि आज भी जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस दिखाई दे रही है. वही पुरानी कचरा गाड़ियां, वही पुरानी अनाउंसमेंट व्यवस्था है. कई स्थानों पर तो ड्राइवर के साथ सहायक कर्मचारी भी दिखाई नहीं दे रहे हैं. केवल 'मैपिंग' के नाम पर सर्वे जैसा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने इस पूरे मामले पर कड़ा विरोध दर्ज करते हुए कहा कि आखिर ऐसी क्या आवश्यकता आ पड़ी कि नगर पालिका को कचरा संग्रहण जैसे कार्य को निजी ठेकेदार को सौंपना पड़ा. उन्होंने सवाल उठाया कि यदि संपत्ति कर के आधार पर ही शुल्क लिया जाना है तो नगर पालिका के रिकॉर्ड से ही डाटा लिया जा सकता है. पाण्डेय ने कहा कि 600 रुपये वार्षिक से सीधे 1500 रुपये वार्षिक तक शुल्क बढ़ाना आम जनता पर आर्थिक बोझ डालना है.

# 11 हजार दीपों से 15 को होगी मां नर्मदा की आराधना

**स्वच्छता के दावों के बीच सेठानी घाट पर होगा दीप महोत्सव**

**नर्मदापुरम, 12 मई. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत शहर को देश का नंबर-1 स्वच्छ शहर बनाने के दावे किए जा रहे हैं. इसी कड़ी में 15 मई को सेठानी घाट पर 11 हजार दीपों से मां नर्मदा की आराधना का आयोजन किया जा रहा है. शाम 6 बजे से शुरू होने वाले इस दीप महोत्सव को नगर पालिका परिषद स्वच्छता जागरूकता से जोड़कर प्रस्तुत कर रही है.**

हालांकि शहर के कई इलाकों में अब भी कचरे के ढेर, बदहाल नालियां और सफाई व्यवस्था की शिकायतें आम हैं. ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या हजारों दीपों की रोशनी शहर की वास्तविक गंदगी पर भी प्रकाश डालेगी, या फिर स्वच्छता केवल आयोजनों और तस्वीरों तक सीमित रह जाएगी. नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि स्वच्छ शहर केवल प्रशासन के प्रयासों से नहीं, बल्कि जनभागीदारी से बनता है. मां नर्मदा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए यदि प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी माने तो नर्मदापुरम देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल हो सकता है. मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर में लगातार जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. दीप महोत्सव के दौरान घाट परिसर में साफ-सफाई, कचरा पृथक्करण और प्लास्टिक मुक्त आयोजन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. स्वच्छता शाखा प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाएं, स्व सहायता समूह, धार्मिक संगठन और शहर के गणमान्य नागरिक भी भाग लेंगे.नगर पालिका परिषद ने समस्त नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में दीप महोत्सव में शामिल होकर मां नर्मदा की आराधना करें.

# जानलेवा हमले के आरोपियों का जुलूस निकाला

**पुलिस ने 6 आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**इटारसी, 12 मई. पुलिस ने कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले बदमाशों को कड़ा सबक सिखाया है.भाजपा नेता और नगर पालिका सभापति मीरा राजकुमार यादव के पुत्र आकाश यादव पर फोरलेन स्थित यादव ढाबे पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

मंगलवार को पुलिस ने इन अपराधियों का शहर के प्रमुख

मार्गों से पैदल जुलूस निकाला, जहां कल तक दहशत फैलाने वाले ये गुंडे आज कान पकड़कर 'आगे से अपराध नहीं करेंगे' के नारे लगाते नजर आए.

घटना 8 मई की रात करीब 10:30 बजे की है.आरोपी मोंटू उर्फ ऋषभ सनकत और सिम्मू उर्फ शुभम सोनकर ने यादव ढाबे पर पहुंचकर सिगरेट और 1000 रुपए की अड़ीबाजी की थी.जब ढाबा संचालक आकाश यादव ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ढाबे पर जमकर तोड़फोड़ की और आकाश यादव व कर्मचारी तुलसीराम अहिरवार पर चाकू व डंडों से हमला कर दिया.

गिरफ्तार आरोपियों ऋषभ सनकत उर्फ मोंटू , निवासी सूरजगंज, शुभम सोनकर उर्फ सिम्मू , निवासी 12 वी लाइन, प्रेम कांत अहिरवार उर्फ लमची , निवासी पुरानी इटारसी, निकेतन कहार उर्फ निक्की , निवासी पुरानी इटारसी, कृष्णा उर्फ केशू कुमरे, निवासी नई गरीबी लाइन, यश उर्फ गोल्डी सोनकर 26, निवासी पुरानी गरीबी लाइन को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को घटना स्थल की तस्दीक और न्यायालय ले जाते समय पैदल मार्च कराया.इस दौरान अपराधियों के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता था.जनता के बीच पुलिस का विश्वास बहाल करने के लिए निकाले गए इस जुलूस में आरोपी सार्वजनिक रूप से माफी मांगते और अपराध से तौबा करते दिखाई दिए.इस कार्रवाई में निरीक्षक गौरव बुंदेला, उनि विपिन पाल, सउनि गुलाब तिवारी, प्रधान आरक्षक मनमोहन अहिरवार, उपेंद्र दुबे और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही.पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है.

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अभद्र टिप्पणी पर एसपी को शिकायत

**हरदा, 12 मई. ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश गौर ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन बिश्नोई के खिलाफ मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शशांक से शिकायत की है. गौर ने बिश्नोई पर मृतक अजबसिंह कोरकू के परिजनों को न्याय दिलाने के आंदोलन के दौरान अभद्र टिप्पणी करने और माहौल भड़काने का आरोप लगाया है.**

उन्होंने बिश्नोई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच की मांग की है.यह मामला रविवार 10 मई को हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम रेलवा निवासी अजबसिंह कोरकू द्वारा पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने से जुड़ा है. इस घटना के बाद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हंडिया थाने में कार्यकर्ता एकत्र हुए थे.राजेश गौर ने आरोप लगाया कि 10 मई की रात कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन बिश्नोई वहां पहुंचे थे.उन्होंने पब्लिक को भड़काया.

**आरोप लगते रहते हैं : विश्नाई**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन बिश्नोई का भी वीडिया वायरल हुआ , जिसमें बिश्नोई ने कहा कि राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप लगते रहते हैं.

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक आज होगी

**नर्मदापुरम, 12 मई.** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी निलेश कौशल 13 मई नर्मदापुरम आएंगे.भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल होंगे. पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रभारी जयकिशोर चौधरी ने बताया कि दोपहर 1:00 बजे भाजपा जिला कार्यालय में पिछड़ा वर्ग मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी. बैठक में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, सामाजिक जन एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे

# खरीदी केंद्र पर किसानों में मारपीट

**ट्रॉली लगाने को लेकर विवाद, एक घायल**

**सिवनी मालवा 12 मई. शिवपुर तहसील अंतर्गत ग्राम बिसोनी स्थित सिद्धि विनायक वेयरहाउस में सोमवार देर शाम गेहूं खरीदी के दौरान जमकर हंगामा हो गया. ट्रॉली लगाने को लेकर किसानों के दो गुट आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया.दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चले, जिसमें एक किसान घायल हो गया.घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.**

जानकारी के अनुसार खरीदी केंद्र पर गेहूं बेचने पहुंचे किसानों की ट्रॉलियों की लंबी कतार लगी हुई थी.इसी दौरान ट्रॉली को आगे-पीछे लगाने की बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई.विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया.मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराने की कोशिश की.

घटना में कोठरा गांव निवासी शुभम रघुवंशी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया.शुभम की शिकायत पर शिवपुर पुलिस ने बिसोनी निवासी कन्हैयालाल राजपूत और हर्ष राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर अन्य लोगों की पहचान करने में भी जुटी हुई है. किसानों का कहना है कि खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने और ट्रॉलियों की लंबी लाइन लगने से आए दिन तनाव की स्थिति बन रही है.

# आहार वसुधा श्रृंगार अभियान में किया पौधरोपण

**पिपरिया, 12 मई.** सक्षम सेवा विकास समिति ने प्रकृति संरक्षण एवं आहार वसुधा श्रृंगार अभियान के आह्वान पर बनवारी में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया. खेड़ापति मंदिर परिसर में पौधे रोपे गए. पक्षियों के लिये सकोरों में पानी भी रखा गया.इस अवसर पर सहसचिव सविता डागौर ने कहा कि सच्चा उत्सव वही है जो आने वाली पीढ़ियों को जीवन दे.कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटती हरियाली के बीच ऐसे प्रयास समाज के लिये प्रेरणा बन रहे है. समाजेसवी आशीष शर्मा ने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ या किसी विशेष अवसर पर एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले तो धरती को पुन: हराभरा बनाया जा सकता है. लगाये गये पौधो के संरक्षण की जिम्मेदारी मंदिर पुजारी राजू द्वारा ली गई. इस अवसर पर उपाध्यक्ष ब्रजेश कुमार प्रजापति,बंशीलाल अहिरवार,र ाहुल कहार, रोहित उपस्थित थे.

# राजस्थान की तपती हवाओं से झुलसा नर्मदापुरम

**तीन दिन और बढ़ेगी गर्मी; हीटवेव का अलर्ट**

**नर्मदापुरम, 12 मई. भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है. राजस्थान की ओर से आ रही गर्म और शुष्क हवाओं के कारण जिले में तापमान लगातार बढ़ रहा है. मंगलवार को अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 28.5 डिग्री दर्ज किया गया.**

सुबह से ही धूप इतनी तेज रही कि सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी. दोपहर के समय बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों की संख्या कम रही.गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया. सुबह से ही सूरज की तीखी तपन ने लोगों को परेशान किया और शाम तक गर्म हवाओं से राहत नहीं मिली.

मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव के अनुसार अगले तीन दिनों तक गर्मी का असर और तेज़ रहेगा. बुधवार से जिले में हीटवेव चलने के आसार हैं. तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आ रही हैं, वहीं लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं. विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर में धूप से बचने, अधिक पानी पीने और सावधानी बरतने की सलाह दी है. लगातार बढ़ते तापमान ने आम जनजीवन पर असर डालना शुरू कर दिया है. मंगलवार को तपन इतनी तेज थीं कि सुबह से ही तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया. सुबह 11.30 बजे 39 डिग्री के करीब था.

# जैसवानी अस्पताल, स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई उन्नति

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी. पिछले दशकों से इटारसी और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लिए डॉ. के.एल. जैसवानी किसी मसीहा से कम नहीं रहे हैं. रोजाना सैकड़ों मरीजों का परीक्षण कर और हजारों लोगों को नया जीवनदान देकर, उन्होंने चिकित्सा को एक पुनीत व्रत के रूप में जिया है.**

इसी जनसेवा को अभूतपूर्व विस्तार देते हुए, उन्होंने 100 बिस्तरों वाले सर्वसुविधायुक्त जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में एक ऐसा क्रांतिकारी कदम उठाया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए किसी सौगात से कम नहीं है. अब डॉ. जैसवानी की इस सेवा की पुनीत विरासत को उनकी दूसरी पीढ़ी के युवा और उच्च-प्रशिक्षित विशेषज्ञ चिकित्सक आगे बढ़ा रहे हैं. यह अत्याधुनिक अस्पताल केवल एक इमारत नहीं, बल्कि लाचार और बीमार मरीजों के लिए आशा की एक मजबूत किरण है. महानगरों जैसी उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधाओं, डायलिसिस आदि से लैस यह अस्पताल न केवल गोल्डन आवर में कीमती जानें बचाएगा, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर होने वाली अनुचित वसूली और लूट पर भी प्रभावी लगाम लगाएगा. अब किसी मरीज की सांसें बेहतर इलाज के अभाव में नहीं टूटें.

**बैठक** | **प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग ने दिए निर्देश**

# सभी किसानों का पात्रता अनुसार गेहूं खरीदें

**हरदा, 12 मई. जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के जिले में सुव्यवस्थित इंतजाम रहें. कोई भी पात्र किसान गेहूं बेचने से न छूटे. केंद्रों पर किसानों को असुविधा न हो.जिले में उपार्जन कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जाए. जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर किसानों को आश्वस्त किया जाए कि उनके गेहूं की खरीदी अवश्य होगी.**

प्रभारी मंत्री सारंग सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की

बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे.बैठक में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, विधायक डॉ. आर.के. दोगने, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे.

बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिले में आगामी सीजन में सुगमता से उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.साथ ही कहा कि आगामी वर्ष से ग्राम पंचायत स्तर पर भी उर्वरक वितरण करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे किसानों को सुगमता से उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा .खनिज विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी खनिज का अवैध उत्खनन अथवा परिवहन न हो. खनिज का अवैध धंधा करने वालों में पुलिस का खौफ रहे.वे स्वयं इसका औचक निरीक्षण करेंगे.आगामी दो माह में वनभूमि से समस्त अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये गये.

**न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी जिला नर्मदापुरम**

रा0प्र0के0 0008/अ-6/2026-27
शहर इटारसी

**// आम इश्तहार/प्रेस विज्ञप्ति //**

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण श्रीमति गीतांजली अग्रवाल पत्नि स्व. श्री अरविंद अग्रवाल एवं कुमार चेलसी अग्रवाल पुत्री स्व. श्री अरविंद अग्रवाल दोनों निवासी - इटारसी, जिला नर्मदापुरम ने इस आशय का आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 म0प्र0भू0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं0 14 प्लाट नं 74/3 एवं 74/6 एवं 77 कूल रकबा 1980 व0फु0 भूमि जो नजूल अभिलेख में श्रीमति गीतांजली पत्नि स्व. अरविंद अग्रवाल, चेलसी पुत्री स्व. अरविंद अग्रवाल एवं श्री हृदय पुत्र स्व. अरविंद अग्रवाल शामिल-शरीक में दर्ज है। सहखातेदार श्री हृदय पुत्र स्व. अरविंद अग्रवाल का निधन दिनांक 05/02/2026 को हो गया है। अतः आवेदकगणों द्वारा सहखातेदार श्री हृदय पुत्र स्व. अरविंद अग्रवाल का नाम विलोपित किया जाकर शेष सहखातेदारों के नाम यथावत रखे जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 26/05/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी, इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोट :- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी इटारसी**

**न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी जिला नर्मदापुरम**

रा0प्र0क्रं 0068/अ-20 (3)/2025-26
शहर इटारसी

**// आम इश्तहार/प्रेस विज्ञप्ति //**

आम जनता को इस इश्तहार प्रेस मुनादी के जरिये सूचित किया जाता है आवेदकगण श्रीमति पुष्पा रैकवार पत्नि स्व0 गिरधारीलाल रैकवार एवं अन्य-02 निवासी मकान नं0 67, अनुकूल नगर, देवास ने इस आशय का आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110 म0प्र0भू0रा0 संहिता 1959 प्रस्तुत कर अवगत कराया कि नगर नजूल शहर इटारसी की नजूल शीट नं0 09 प्लाट नं 6/23/1 रकबा 700 व0 फु0 भूमि जो नजूल अभिलेख में ओमप्रकाश, गिरधारीलाल, भागीरथ प्रसाद तीनों आ0 मठोला प्रसाद रैकवार के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के पति/सहखातेदार गिरधारीलाल रैकवार आ0 मठोला प्रसाद रैकवार का निधन दिनांक 09/12/2021 को हो गया है जिनके विधिक व वैध वारसानों में श्रीमति पुष्पा रैकवार पत्नि गिरधारीलाल रैकवार, मनीष रैकवार व पूजा रैकवार दोनों आ0 गिरधारीलाल रैकवार हैं, अन्य कोई नही है। अतः आवेदकगणों द्वारा सहखातेदार गिरधारीलाल के स्थान पर आवेदकगणों का नाम फौती आधार पर नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने एवं शेष सहखातेदारों के नाम यथावत रखे जाने का अनुरोध किया है। आवेदक के उक्त आवेदन पर जनसामान्य को कोई आपत्ति या कोई दावा प्रस्तुत करना हो तो वह प्रकरण के सुनवाई दिनांक 25/05/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय नजूल अधिकारी इटारसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय अवधि में दावा या आपत्ति पेश न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आदेश पारित किया जावेगा।

नोट :- नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में होगी।

**नजूल अधिकारी इटारसी**